हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

07 सीएमई ऑन मल्टीडिस्प्लेनरी अपडेटस इन ब्रेस्ट डिसीज...

08 भावांतर योजनाः 5 ही दिनों में जिले के 21646...




### दिगंबर जैन समाज के चल रहे धार्मिक प्रवचन में श्रावक और श्राविकाएं ले रहे धर्मलाभ

# माताएं परिवार को अपने हाथों से भोजन खिलाएं तो अच्छे संस्कारों का बीजारोपण होगाः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



हमारी प्राचीन संस्कृति, सभ्यता हम भूलते जा रहे हैं। आगे आने वाले समय में पश्चात्य संस्कृति से हमारी मनोवृति और अधिक खराब होगी। पूर्व में हमारे जो संस्कार थे उनको बनाए रखने के लिए विचार करना चाहिए। बेटे को इतना ही पढ़ाओ की वहां वृद्धावस्था में हमारी सेवा कर सके तभी परिवार सुखी रहेगा। जीवन में पैसों के पीछे नहीं, संतोष के पीछे भागना चाहिए। ऐसे लोग जीवन भर दुःखी रहते हैं जो पैसे के पीछे भागते हैं। माताऐं परिवार को अपने हाथों से भोजन बनाकर खिलाएं, तो संस्कारों का बीजारोपण होगा।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि संसार में यह प्राणी निरंतर रहकर दुःखी होता है। संसार में देव,मनुष्य, तियंच नारकीय जीव सभी दुःखी है। मुनिश्री ने कहा कि आजकल विवाह होने के तुरंत बाद तलाक की बात होने लगती है। पूर्व में तो कैसे भी कष्ट में रहने पर भी पति-पत्नी साथ रहते थे। ज्यादा पढ़े लिखे न होने पर भी आपस में एडजस्ट करते थे। अब ज्यादा पढ़े होने पर भी दांपत्य जीवन टूटते दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान का व्यक्ति एडजस्ट नहीं होना चाहता है। जितनी जल्दी शादी नहीं होती उतनी जल्दी शादी टूट जाती है। लड़कों के लिए भी शादी होना मुश्किल हो गई है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कन्याओं की संख्या घटती जा रही है। दांपत्य जीवन टूटने पर अन्य समाज में विवाह होने लग गए। जिससे धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने में परेशानी होने लगी है। महिला वर्ग अगर पुर्न विवाह करती है तो उन्हें भी परेशानी होती है। सदैव - सदैव यही प्रयास करना चाहिए कि एक ही जीवन साथी के साथ रहने का मन बनना चाहिए। मुनिश्री ने कहाकि वर्तमान की उच्च स्त्तरीय पढ़ाई भी परिवार के बिखराव का कारण बन रही है। संसार भावना यही बताती है कि प्राणी संसार में रहकर भी दुःखी रहता है। किसी को दुष्ट पत्नी से तो किसी को दुष्ट पति से किसी को दुवयसन पुत्र से किसी को चरित्रहीन पुत्री से दुःखी होता है। एक व्यक्ति के गलत व्यवहार से सारा हरा भरा परिवार दुःखी हो जाता है। विसंगतियां पैदा होने से परिवार की इच्छा के बगैर बच्चे अन्य धर्म में विवाह कर लेते हैं जिससे संसारी दुःखी है।

मुनिश्री ने कहाकि हम 200 वर्षों तक अंग्रेजों के गुलाम रहे जिससे हमें कई दुःखों का सामना करना पड़ा। गांधीजी, लक्ष्मीबाई, सुभाषचंद्र बोस जैसे लोगों ने हमें आजादी दिलाई। संसार भावना के कारण हम गुलाम होकर दुःखी रहे। अंग्रेज तो चले गए लेकिन वर्तमान में उनका प्रभाव आज भी समाज को देखने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता हम सभी भूलते जा रहे हैं आगे आने वाले समय में पश्चात्य संस्कृति से हमारी मनोवृति और अधिक खराब होगी। पूर्व में हमारे जो संस्कार थे उनको बनाए रखने के लिए विचार करना चाहिए। हमारे बीच से शुद्ध भोजन की परंपरा समाप्त होती जा रही है बच्चों में भोजन बनाने के संस्कार समाप्त हो रहे हैं। भोजन बनाने के लिए नौकर रख रहे हैं। माताएं नौकरी करने लग गई है। जिससे भोजन होटल पर जाकर कर रहे हैं। नौकरों के हाथ से बना भोजन करने पर जैसा खाएं अन्न वैसा होवे मन चरितार्थ हो रहा है। अपनी मां के हाथ से बना भोजन नहीं करने पर बच्चों में संस्कार कहां से आएंगे।

मुनिश्री ने कहाकि आज हम ऐसी बहू को लाना चाहते हैं जो सर्विस करती हो। लेकिन हमें भोजन बनाने वाली बहू लाने का चिंतन करना चाहिए। पैसा तो आ जायेगा। लेकिन परिवार में शांति नहीं आएगी। पैसों के पीछे नहीं संतोष के पीछे भागना चाहिए। ऐसे लोग जीवन भर दुःखी रहते हैं जो पैसे के पीछे भागते हैं। सभी लोग सर्विस करने लग जायेंगे तो भोजन होटल का खाने लगेंगे तो फिर परिवार में शांति नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि संसार भावना यही बताती है कि बेटे को इतना ही पढ़ाओ की वहां वृद्धावस्था में हमारी सेवा कर सके। तभी परिवार सुखी रहेगा। बाहर विदेश में रहने वाले हमारे बच्चों को दर्शन हेतु मंदिर भी नहीं है। इसीलिए जिन लोगों के बीच में रहेगा उन्हीं के संस्कारों को ग्रहण कर लेगा।

बच्चों को सेवा के लिए लालन पालन करते है लेकिन उनसे दुःख मिलने लग जाता है। यही संसार भावना है। किसी के भाई शत्रु के समान होते हैं। धन के लिए भाई-भाई की हत्या कर देता है। धन के लिए बेटा माता-पिता को वृद्धावस्था में छोड़ देता है। मुनिश्री ने बताया कि किसी का बेटा कमाने के लिए विदेश रहता है। माता-पिता उसे अपने पास बुलाते है लेकिन बेटा कहता है कि मैं आपको अपने साथ लेकर चलूंगा। हम अपनी प्रॉपर्टी बेचकर आप हमारे पास रहना। प्रॉपर्टी बेचकर माता-पिता को अपने साथ ले जाता है लेकिन रेलवे स्टेशन पर एक चिट्ठी देकर गायब हो जाता है। माता-पिता चिट्ठी खोलकर देखते हैं तो उसमें लिखा होता है इनको वृद्धा आश्रम में छोड़ आना। इस प्रकार बेटा दुःख का कारण, यही संसार भावना है जो दुःख देने वाली है। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों को हम मुश्किल से पालते हैं, वही बच्चे हमारी बात नहीं मानते है। हम दूसरों के लिए जीते हैं पर उन्हीं के कारण हमें दुःख होता है। इस प्रकार हर पर्याय में दुःख उठाना पड़ता है। देव भी बन जाओ तो वहां भी दुःख उठाना पड़ता है। बड़े देवों की आज्ञा वहां माननी पड़ती है।

### उज्जैन में हुआ कार्यक्रम आयोजित

## रक्तदान महादान मित्र मंडल के पदाधिकारियों का किया सम्मान



नलखेड़ा। रक्तदान के क्षेत्र में सेवा ओर अंजान घायल मरीजों ओर डिलीवरी महिलाओं को निःशुल्क अस्पताल पहुंचना ओर उनको बल्ड प्रोवाइड करवाने के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने के लिए रक्तदान महादान मित्र मंडल के पदाधिकारियों का उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान सम्मान किया गया। रक्तदान महादान मित्र मंडल के संस्थापक मोहन सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय अवंतिका सेवा सम्मान एवं रक्तदान शिविर में रक्तदान के क्षेत्र में सेवा ओर अंजान घायल मरीजों ओर डिलीवरी महिलाओं को निःशुल्क अस्पताल पहुंचना ओर उनको बल्ड प्रोवाइड करवाने के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने के लिए रक्तदान महादान मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक मोहनसिंह सूर्यवंशी जयपुर ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह दसलानिया मप्र अध्यक्ष सिद्धनाथ मंडलोई,प्रदेश संगठन मंत्री मोहनलाल मंडोलिया, मीडिया प्रभारी महेश गौड ,प्रचार मंत्री ओमप्रकाश सूर्यवंशी को उज्जैन रक्त संचार परिवार के वरिष्ठ समाज सेवी मानसिंह चौहान के द्वारा राष्ट्रीय अवंतिका सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

## पांच दिवसीय अंबे माता की ज्योत का शरद पूर्णिमा पर हुआ समापन




कानड़। नवरात्रि और दशहरा उत्सव समापन के दूसरे दिन से परंपरा अनुसार नगर में अंबे माता के गरबे प्रारंभ हुए जो कि 5 दिनों तक चले ,अंबे मां के गरबे के साथ 5 दिनों तक अंबे माता की अखंड ज्योत भी जलाई गई। पुरानी परंपरा को जीवंत रखते हुए नगर में कई मोहल्ले में अंबे माता के जवारे उगा कर रात्रि में ज्योत जलाई जाती है। अंबे मां की ज्योत में लोगों द्वारा पांचो दिन रात्रि में भजन- कीर्तन किया गया। नगर के गणेश चौक, शिव डेरा,राजवाड़ा,मालवीय मोहल्ला आदि स्थानों पर अंबे माता की ज्योत की स्थापना की गई।

**भजन कीर्तन के साथ हुआ समापन** पांच दिवसीय गरबा अंबे माता की ज्योत का मंगलवार को समापन हुआ। समापन पर ज्योत का विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया।समापन से पहले शरद पूर्णिमा की रात्रि को पीपल चौक पर भजन मंडली द्वारा देर रात तक भजन कीर्तन हुए रात्रि 12:00 बजे के अंबेमाता की आरती के पश्चात प्रसादी के रूप में खीर वितरित की गई।

### जॉब के लिए 213 युवाओं का प्रारंभिक चयन हुआ

# युवा संगम कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में किया गया रोजगार मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग तथा उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में बुधवार को युवा संगम रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 323 आवेदकों ने पंजीयन करवाया जिसमें से 213 युवक-युवतियों का रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के लिए 70 आवेदकों का चयन किया गया। उद्योग विभाग में स्टार्टअप एवं स्वरोजगार के लिए 40, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के लिए 15 आवेदकों ने पंजीयन करवाया। साथ ही 130 विद्यार्थियों की कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस मौके पर स्वरोजगार योजनाओं में 09 हितग्राहियों को 57 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र वितरित किए। जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं उद्योग विभाग जिला आगर मालवा के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मेले का प्राचार्य जीएल रावल, जिला रोजगार अधिकारी आगर संजीव पाटिल प्राचार्य आईटीआई अनिल सौराष्ट्रिय एवं सुमित रत्न परखी द्वारा नेतृत्व किया गया। मेले में चैकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, मदरसन प्राइवेट लिमिटेड गुजरात, बैंक ऑफ़ इंडिया आगर मालवा, एलआईसी आगर, ऊसरा फाउंडेशन आगर मालवा, एडब्ल्यूपीएल दिल्ली, सामर्थ्य टेक्सटाइल, एसबीआई आगर, आरबीआई काउंसलर, टीएसपीएल पुणे तथा एमआरएफ कंपनियों के प्रतिनिधि ने उपस्थित होकर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए उन्हें अपने व्यवसाय एवं रोजगार की जानकारी प्रदान की। इस आयोजन में समस्त महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# नवरात्रि के सप्ताह बाद भी बगलामुखी मंदिर पर ही बेरिकेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा









नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बाहर व अंदर बेरिकेटिंग की गई थी। ये बेरिकेट नवरात्रि समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी या तो ऐसे ही लगे हुवे है या इधर उधर बिखरे पड़े है। जिससे मंदिर परिसर बेरिकेट परिसर नजर आ रहा है।

इस शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर के अंदर सर्वाधिक बेरिकेटिंग की गई थी वही मंदिर के बाहर बने डोम के सम्पूर्ण परिसर में भी बेरिकेटिंग की गई थी। शारदीय नवरात्रि 01 अक्टूबर को समाप्त हो गई थी उसके एक सप्ताह बाद भी डोम परिसर में तो अभी भी वैसी की वैसी बेरिकेटिंग लगी हुई है मात्र बाहर निकलने के रास्ते मे लगाए गए बेरिकेट हटाकर वही अलग रख दिये गए है। इसी प्रकार मंदिर परिसर में की गई बेरिकेटिंग में से कुछ बेरिकेट हटाये गए है शेष जैसे के तैसे लगे हुवे है। जो हटाये गए है वे रखे मंदिर परिसर में ही है। अब जबकि दर्शनार्थियों की संख्या भी सामान्य हो गई है तब भी बेरिकेट्स नही हटाना समझ से परे है।

कुछ वर्षो पूर्व मंदिर के अंदर शासन द्वारा एक विशाल व आकर्षक डोम लगाया गया था जिसका उद्देश्य था कि कुछ समय दर्शनार्थी बैठ सके। साथ ही इससे मंदिर की आकर्षकता कई गुणा बढ़ गई थी। मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थी यहां फ़ोटो सेशन कर अपनी स्मृति में रख रहे थे। लेकिन सम्पूर्ण डोम परिसर में बेरिकेटिंग लगी होने से यह आकर्षण के स्थान पर बदसूरत दिखाई देने लगा है। अब दर्शनार्थी यहां फ़ोटो सेशन भी नही कर पा रहे है।

इसके साथ ही मंदिर के अंदर मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे को बेरिकेटिंग कर छोटा किया हुआ है। यहां बेरिकेटिंग और चारो ओर दान पेटी रखी होने से सुबह शाम दीपक लगाने वाले भक्तों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रवेश द्वार से अंदर जाने वाले मार्ग पर भी अनावश्यक रूप से बेरिकेटिंग लगा रखी है। पूर्व में नवरात्रि समाप्त होते ही प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर से पूरी तरह बेरिकेटिंग हटा ली जाती थी और सम्पूर्ण परिसर खुला कर दिया जाता था लेकिन इस बार प्रशासन द्वारा नवरात्रि के समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी बेरिकेट्स नही हटाना भक्तों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। प्रशासन को तत्काल मंदिर के अंदर व बाहर डोम परिसर को बेरिकेट्स मुक्त कर खुला परिसर बनाना चाहिए।

# करवाचौथःमहिलाएं करवे और अन्य सामग्री खरीदी में जुटीं



नलखेड़ा। कल शुक्रवार को करवा चौथ का त्यौहार है, जिसको लेकर बुधवार से ही नगर में करवो के साथ ही अन्य सामग्री की बिक्री प्रारम्भ हो गई है। जिसके चलते बाजार में रौनक भी नजर आने लगी है। पति की लंबी उम्र की कामना का पर्व करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस त्यौहार के लिए महिलाएं तैयारी में जुट गई है। बाजार गुलजार हो गए है। महिलाओं ने खरीददारी शुरू कर दी। करवा चौथ के पर्व पर बाजार में मिट्टी के बने आधुनिक करवा,छलनी व पूजन सामग्री की दुकानें भी सज गई है। वहीं करवा चौथ पर्व से पहले सराफा, साड़ी व श्रृंगार सामग्री का बाजार भी गुलजार हो गया है। दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही है। इस व्रत में महिलाएं नई साड़ी व श्रृंगार कर पूजा करती है। करवा चौथ के इस पूजन के लिए नगर में कई स्थानों पर करवो व अन्य सामग्री की दुकाने सजी हुई है। जहां पहुंचकर सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा के साथ-साथ करवा चौथ की पूजन की पुस्तक व छलनी खरीदी जा रही है। वहीं नगर के विभिन्न मोहल्लो में भी करवा की बिक्री हेतु हाथ ठेले पर दुकान सजा कर इसका व्यवसाय करने वालो द्वारा बिक्री की जा रही है।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक

# देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान को लेकर लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान एवं संगठन के पुनर्निर्माण, बीएलए के गठन एवं स्मार्ट मीटर की अनिमित्ता, किसानों की समस्या, सीहोर जिले के किसानों को मुआवजा नही मिलने के संबध मे जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री गुजराती ने कहा कि सृजन संगठन अभियान के तहत चलने वाले देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान के बारे में विस्तार से बताया एवं इस हस्ताक्षर अभियान में सभी लोग सहभागिता करें और इस कार्यक्रम को सफल बनाए बैठक को कांग्रेस के वरिष्ठ जनों ने सम्बोधित करते हुए अपना मार्गदर्शन दिया और सभी से उक्त कार्यक्रम में बढ़चडक़र हिस्सा लेकर हमारे वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी के हाथ मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, नईम नवाब, ओम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, सुदीप व्यास, ओम बाबा राठौर, अरूण राय, सुरेश बाबु राठौर, नरेन्द्र खंगराले, एस. कुमार राठौर, हर्षदीप राठौर, हरीश आर्य, आसिफ अंसारी, गुलजारी बाजपेई, कमल सूर्यवंशी, कपिल गौर, घनश्याम मीणा, मारुति राव, घनश्याम यादव, मनोज पटेल, हसीन कुरैशी, मजीद अंसारी, नायाब खान, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, मीरा रैकवार, संतोष मालवीय, साजिद खान, इरफान लाला, शुभम मालवीय, अभिषेक लोधी, राज कौशल, विवेक टांक, प्रवेश परिहार, धीरेन्द्र ठाकुर, बृजेश पाटीदार, गजराज परमार, विनीत गोयल, मनीष मेवाड़ा, राहुल ठाकुर, कमल सिंह, सुयश प्रताप सिंह तोमर, तनिष्क त्यागी, बृजेश पाटीदार, ओम सोनी, अरुण राय, सुरेश बाबू राठौड़, आसिफ अंसारी, सुदीप व्यास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुरोहित बने जन परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष



देवास। अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं सह समन्वयक के. पी .अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने समाजसेवी एवं पत्रकार जितेन्द्र पुरोहित को जन परिषद का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर बारह अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एवं विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। जनपरिषद ने पुरोहित को सर्व प्रथम उज्जैन सम्भाग का अध्यक्ष मनोनीत किया था बाद में उनकी कार्य कुशलता के आधार पर मालवा का संयोजक बनाया था। संयोजक बनने के बाद आपने 29 चेप्टर का गठन कर किया। अतः संस्था ने आपकी इस उपलब्धि पर अब आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी

# परमिट शर्तों के उल्लंघन पर यात्री परिवहन करने वाले चार वाहनों पर की कार्रवाई










### सड़क सुरक्षा, जन-जागरूकता व शासन के दिशा-निर्देशों का पालन कराने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास पुलिस इन दिनो शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही कर रही है। पुलिस सघन चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर सार्वजनिक वाहन चलाने वालों पर नकेल कस रही है। यू कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन एवं एएसपी यातायात एच.एन. बाथम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात एवं टीम द्वारा जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन रोकने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु विशेष अभियान सतत रूप से जारी है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा, जन-जागरूकता एवं शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।पुलिस की यह कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत की जा रही है। जिसमें धारा 185 अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रथम अपराध पर 10,000/- जुर्माना या 06 माह की सजा निर्धारित है। बार-बार उल्लंघन करने पर दंड की राशि एवं सजा दोनों में वृद्धि का प्रावधान है।देवास यातायात पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्यवाहियों में कुल 107 चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।अब तक 111 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु संबंधित परिवहन अधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया। न्यायालय द्वारा 42 चालकों को कुल 7,08,000/- के अर्थदंड से दंडित किया गया है।इसी क्रम में 7 अक्तूबर को की गई कार्यवाही में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई है।साथ ही परमिट शर्तों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की जा रही है। मैरिज/पिकनिक परमिट पर यात्री परिवहन करने वाले वाहन क्रमांक एमपी 41 पी 1840, एमपी 44पी 0210, एमपी 50 पी1868,एमपी13 जेडएन 1296 के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गई है। इन वाहन चालकों को न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया है।देवास पुलिस की सभी नागरिकों से अपील करती है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, वाहन संचालन के समय पूर्ण सतर्कता एवं नियमों का पालन करें,हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें और तेज गति, लापरवाही एवं स्टंट से परहेज़ करें।

# खाद देरी से मिलने पर किसानों ने कृषि उपज मंडी में किया हंगामा

### हंगामे के बाद जागा प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कृषि उपज मंडी में बुधवार सुबह यूरिया खाद लेने आए किसानों ने हंगामा कर दिया। सुबह 11 बजे तक वितरण केंद्र पर कर्मचारी नहीं पहुंचे तो किसान नाराज हो गए। वे सुबह से कतार में खड़े थे, लेकिन खाद के टोकन बांटने के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था।

सूचना मिलने पर तहसीलदार सपना शर्मा और सहकारिता उपायुक्त दीपाली खंडेलवाल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने ऑपरेटर और कर्मचारियों को बुलाकर खाद वितरण शुरू करवाया।अधिकारियों ने बताया कि खाद की उपलब्धता के अनुसार ही किसानों को खाद वितरित की जाएगी। सहकारिता उपायुक्त दीपाली खंडेलवाल ने बताया कि मार्केटिंग केंद्र पर सोयाबीन पंजीयन का कार्य चल रहा था, जिसके कारण वहां किसानों की भीड़ थी।

अब पंजीयन के लिए दूसरा ऑपरेटर लगाया गया है। खाद वितरण के लिए एक ऑपरेटर और एक कर्मचारी नियुक्त किया गया है, जो टोकन बांट रहे हैं। खंडेलवाल ने आश्वासन दिया कि खाद वितरण का कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया है। खाद की उपलब्धता के आधार पर प्रतिदिन टोकन बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुवार से किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए और अधिक कर्मचारी लगाए जा रहे हैं। फिलहाल प्रत्येक किसान को पावती के आधार पर पांच-पांच बोरी यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जा रही है। रबी सीजन के लिए एक किसान को पांच बोरी यूरिया दिया जा रहा है।

# लायंस क्लब देवास गोल्ड का सेवा सप्ताह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेवा ही जीवन का सार है। महान कार्य छोटे-छोटे कार्यों से बनते हैं।अच्छाई ही एकमात्र ऐसा निवेश है जो कभी विफल नहीं होता। जब हम दूसरों की सेवा करते हैं, तो हम स्वयं पर भी काम कर रहे होते हैं। इसी आधार पर लायंस क्लब देवास गोल्ड ने सेवा सप्ताह के तहत सेवा गतिविधियां की 2 से 9 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया गया। सेवा गतिविधि में पहले दिन श्री हरि गार्डन में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें एक्यूप्रेशर पद्धति के द्वारा लोगों का इलाज किया। न्यू चिल्ड्रन स्कूल में गुड टच बेड टच के बारे में सेमिनार लगाया गया। उसके बाद वरिष्ठ नागरिक संस्थान में वृद्धजनों का श्रीफल और शाल से सम्मानित किया गया। सेवा गतिविधि में दिव्यांग बच्चों को भोजन करवाया। विद्याकुंज स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी में ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। इन अवसरों पर क्लब की अध्यक्ष हिना राठौर, सचिव तरुणा जाट, कोषाध्यक्ष नेहा छाबड़यि, सोफिया कुरैशी, समीर नईम दीदी , ला.लक्ष्मी राव, ला सोनल शर्मा, ला. सुषमा अरोड़ा, ला.पूजा अरोड़ा, ला.कल्पना सिंह, मोनिका राणा, ला. शकुंतला बलवानी, ला.आशा पटेल, ला. भूमिका शर्मा और क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### पति ने पत्नी को तीर मारकर उतारा मौत के घाट





देवास। जिले के हाटपीपल्या थाना क्षेत्र के ग्राम नानू खेड़ा गांव में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई।जहां पति ने ही अपनी पत्नी को तीर मार कर मौत के घाट उतार दिया।पति पत्नी के विवाद की वजह घरेलू झगड़ा बताया जा रहा है। पति राजेंद्र निवासी नानु खेड़ा ने अपनी पत्नी मानू बाई कों तीर मार दिया, तीर मानू बाई के पेट पर लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसने दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पति राजेंद्र रघुवंशी को गिरफ्तार किया ओर मृतक मानु बाई को पोस्टमार्टम के लिए जिले के हाटपीपल्या के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच थाना हाटपिपलिया पुलिस द्वारा की जा रही है।मामले में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि हाटपीपल्या पुलिस ने आरोपी को राउंड अप कर लिया है। प्रथम दृष्टया पारिवारिक विवाद के कारण ही घटना होना प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है। पीएम के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# समरसता के साथ मनाई गई वाल्मीकि जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश वाल्मीकि पंचायत के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह घारू के नेतृत्व में एबी रोड देवास हॉस्पिटल के पास वाल्मीकि जयंती समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुँचकर भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया एवं भव्य आरती में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संयोजक दुर्गा वाहिनी पिंकी दीदी पवार, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग संयोजक रामबाबू बैरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष भेरूलाल अटरिया, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत, पूर्व जिला मंत्री हरीश देवलिया, पार्षद बाबू यादव, पार्षद संजू दायमा, पार्षद अमित धूलिया (बागली), राजू पहाड़िया, विष्णु दरबार, अजय गुर्जर, लकी पोरवाल, रवि सागंते सर सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ सभी ने महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों और उनके समाज उत्थान संदेशों का स्मरण किया। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार प्रदर्शन संजू जलोदिया ने किया।

# भमौरी गांव के अंबिका माता मंदिर में मुकुट चोरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम भमोरी स्थित अम्बिका माता मंदिर में मंगलवार बुधवार रात्रि दरमियान अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। गांव के बिचो बीच मुकुंदगढ़ अंबाझर रास्ते पर स्थित मंदिर में रात्रि को चोर बगैर ताला तोडे मुकुट चुराकर ले गए, जबकी चांद आकार का कंगन वहीं छुट गया।सुबह भक्तगण मंदिर दर्शन करने पहुंचे, लेकिन वह भी कुछ समझ नहीं पाए। पुजारी ओमप्रकाश बैरागी को माता का मुकुट नहीं दिखाई दिया जिसके बाद इसकी जानकारी आसपास के वरिष्ठजनों को दी गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर चापडा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मौका निरीक्षण किया और गांव में लगे कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी गई। उसमें एक व्यक्ति सरिया लेकर जाता हुआ दिखाई दिया एवं दो बाईक रात दो बजे के आसपास रास्ते पर जाते दिखाई दे रही हैं। मनोज मंडलोई की जानकारी के अनुसार मुकुट लगभग 400 ग्राम का था जो 60 हजार रुपए का होना बताया जा रहा है।

### कांग्रेस ने मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती, पूर्व मंत्री वर्मा समेत पदाधिकारी, कार्यकर्ता रहे मौजूद

# कांग्रेस ने शुरू किया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कल्याण सिंह पवार के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 18, बावडिया में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने भगवान श्रीराम के जीवन को रामायण के रूप में अमर कर दिया, जो आज भी समाज को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही हम समाज और देश को मजबूत बना सकते हैं। इसी दौरान वर्मा ने वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़े के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि कर्नाटक की एक विधानसभा में 1,10,000 फर्जी वोट पाए गए हैं। इतने बड़े स्तर पर मतदाता सूची में हेराफेरी लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने मतदाता सूची सुधार की मांग करते हुए लोगों से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर करने की अपील की। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, पूर्व अध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, राजेंद्र मालवीय, भगवान सिंह चावड़ा, गुरु चरण सिंह सलूजा तथा सुजीत सांगते सहित कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए हस्ताक्षर अभियान को समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया, जबकि राजेश डोडिया ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेस नेता पोपसिंह पवार, रोशन रायकवार, नरेंद्र यादव, दीपेश कानूनगो, मनोज हेतावल, परवेज शेख, जाहिद पठान, मुकेश शर्मा, मनोज सांगते, धर्मेंद्र पटेल, चंद्रभूषण शुक्ला, मदनलाल जेठवा, मुन्ना सरकार, अनिल गोस्वामी, राजेश राठौर, राहुल पवार, महेंद्र ठाकुर, गोलू हाजी शाहजी हाशमी, अविनाश जेठवा, इरफान कुरैशी, प्रतीक शास्त्री, विशाला यादव, लाला पटेल, विमल चौधरी, अजय सिंह राजोदा, वीरेंद्र परदेसी, संजय रेकवाल, आत्माराम परिहार, प्रहलाद मिस्त्री, आरिफ मेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# आगामी सरदार पटेल जयंती को लेकर बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

आगामी 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर पाटीदार समाज की बैठक आयोजित की गई। पाटीदार समाज छात्रावास हाटपिपलिया पर बुधवार के दिन पाटीदार समाज छात्रावास ट्रस्ट के नेतृत्व में समाज संगठन के पदाधिकारी एवं समाज जनों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य रूप से ट्रस्ट अध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, पाटीदार समाज संगठन जिला अध्यक्ष रूपचंद सूर्या ,सरदार पटेल युवा संगठन जिला अध्यक्ष सुनील पाटीदार,नप अध्यक्ष परसराम पाटीदार,भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, एडवोकेट महेंद्र पाटीदार की उपस्थिति में सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी गांव के पदाधिकारी एवं समाजन उपस्थित हुए। बैठक में आगामी दिनों में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जहां पर सभी ने अपने अपने विचार रखें। बैठक में न्यास मंडल हाटपीपल्या के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार का सभी समाज जनों ने पुष्प माला से स्वागत किया। इस दौरान भारत पाटीदार, कमल पाटीदार, किशोर पाटीदार, सचिन पाटीदार, सोनू पाटीदार, प्रेमनारायण पाटीदार, भोलाराम पाटीदार श्रीराम पाटीदार सहित बड़ी संख्या में पाटीदार समाज के लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## मंगेतर के साथ गई युवती से की गई मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पनारी में रहने वाली राधा कुशवाहा पत्नी सोहनलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि सोमवार की रात करीब 8 बजे उसकी पुत्री महक कुशवाहा अपने मंगेतर योगेश कुशवाहा के साथ दवाई लेने जा रही थी। तभी रास्ते में दीपेन्द्र साहू के अस्पताल के सामने वाली गली, देहरे के पास, नितिन पुत्र कल्याण, सेहद राजा पुत्र दुरख सिंह, राजाबाबू, हल्के पुत्रगण रामसिंह ने एकराय होकर उसकी पुत्री को देखकर अभद्रता की। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट कर दी और उसकी पुत्री के के कान में जोरदार थप्पड़ मार दिया, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी पुत्री की वीडियो भी वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## इंस्ट्राग्राम पर फेक आईडी से गंदे मैसेज भेजने का आरोप

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के इंस्ट्राग्राम प्लेटफार्म पर तरह-तरह के मैसेज करते हुये छवि धूमिल करने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित युवक ने साइबर थाना सेल पुलिस को लिखित रूप से शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रकरण को लेकर निकटवर्ती ग्राम बम्हौरी नांगल निवासी रामकिशोर पुत्र त्रिलोक यादव ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल से इंस्ट्राग्राम आई.डी. बनी हुयी है, जिसे वह संचालित करता है। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी फेक आई.डी. बनाकर उसकी आई.डी. पर गन्दे-गन्दे मैसेज डाले जा रहे हैं, जिससे उसकी छवि धूमिल हो रही है। साइबर थाना पुलिस ने रामकिशोर की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 व आई.टी. एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन के लिए लगेगा मेला

**ललितपुर ।** उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार दीपावली महापर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं के क्रय हेतु स्थानीय हस्तशिल्पियों- कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा विभिन्न वस्तुओं की बिक्री/उत्पादों के प्रदर्शन हेतु असयुक्त एवं उ0प्र0 व्यापार प्रोत्साहन प्राधिकरण कानपुर के निर्देशानुसार दिनाँक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक तुवन मंदिर परिषद में दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। मेले को रोचक एवं उल्लासपूर्ण बनाये जाने हेतु मेला अवधि सायं 5 बजे से 7:30 बजे तक स्थानीय कलाकरों के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जायेगा।

### मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग ने किया आयोजन

# सीएमई ऑन मल्टीडिस्प्लेनरी अपडेटस इन ब्रेस्ट डिसीज पर कई जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के पैथोलॉजी एवं सर्जरी विभाग द्वारा संयक्त रूप से सी०एम०ई० ऑन मल्टीडिस्प्लेनरी अपडेटस इन ब्रेस्ट डिसीज॰ टॉपिक पर सी०एम०ई० का सफल आयोजन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में प्रधानाचार्य डा० मयंक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में पैथोलॉजी विभाग की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा० श्रुति सिंह, एवं सर्जरी विभाग के आचार्य डा० जगदीश प्रसाद इटालिया के द्वारा संयुक्त रूप से सी०एम०ई० ऑन मल्टीडिस्प्लेनरी अपडेटस इन ब्रेस्ट डिसीज टॉपिक पर सी०एम०ई० का सफल आयोजन आयोजन किया गया।उक्त आयोजन में प्रदेश एवं देश के विशेषज्ञ चिकित्सकों में से प्रमुख प्रवक्ताओं डा०जगदीश इटालिया, आचार्य जनरल सर्जरी विभाग, ए०एस०एम०सी० ललितपुर, डा० जय चौरसिया एम्स भोपाल, डा० मेहर बानो, डा० रजनी रतमेले सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष फार्माकोलॉजी विभाग, ए०एस०एम०सी० ललितपुर, डा० ज्योति प्रियदर्शनी, प्रोफेसर, जी०आर०एम०सी० ग्वालियर, डा० शुभांगी आर्या, ए०एस०एम०सी० फिरोजाबाद ने सर्जीकल मोडालिटी इन ब्रेस्ट कैंसर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, प्रीवेंशन स्ट्रैटेजिस इन ब्रेस्ट कैंसर, ड्रग सेफ्टी इन ब्रेस्ट डिजीज विभिन्न प्रकार के कैंसर, ग्रॉसिंग टेक्निक्सडा० दीक्षा अग्रवाल, एस०आर० (पैथोलॉजी), इम्यूनोहिस्टोकेमेस्ट्री इन ब्रेस्ट कैंसर टॉपिक पर शोध एवं नवीन जानकारियां साझा की।

**नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से जांच एवं उपचार के बारे में बताया**



जानकारी के दौरान विशेषज्ञो द्वारा वर्तमान में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स एवं नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से जांच एवं उपचार के बारे में जानकारियां दी गयी एवं सी0एम0ई0 में विभिन्न मेडिकल कॉलेज के पी0जी0 इंटर्नस द्वारा पोस्टर प्रिजेन्टेशन भी किया गया। उक्त आयोजन में सी0एम0ई0 से सम्बन्धित विषय पर नवीन जानकारी एवं शोध साझा करने वाले डेलीगेट्स, सहयोगी विभाग के समस्त चिकित्सा चिकित्सकों एवं आयोजको एवं गेस्ट फेकल्टी को प्रधानाचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सभी को सम्मानित किया गया। उक्त सी0एम0ई0 के आयोजन के दौरान डा0 गजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 श्रुति सिंह, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग, डा0 जगदीश प्रसाद इटालिया, आचार्य सर्जरी विभाग, डा0 अभिषेक गुप्ता, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष सर्जरी विभाग, डा0 डी0के0 राज, वरिष्ठ सर्जन, डा0 विशाल जैन, सहायक आचार्य, डा0 सुधीर कुमार रजक सहायक अचार्य डा0 मोहित जैन सहायक आचार्य, सर्जरी विभाग, डा0 राजेश आर्या, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग, डा0 नर्मता द्विवेदी, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ई0एन0टी0, डा0 श्रद्धा गुप्ता, सहायक आचार्य ई0एन0टी0, डा0 प्रिया जैन, सहायक आचार्य ब्लड बैंक, डा0 सौरभ साहू, सह आचार्य ऑर्थोपेडिक्स, डा0 पवन सूद, वरिष्ठ फिजीशियन, डा0 चेतन राज सिंह, निश्चेतना विशेषज्ञ, डा0 डी0बी0 सिंह, बालरोग विभाग, डा0 आकृति यादव विभागाध्यक्ष बालरोग विभाग डा0 एम0सी0 गुप्ता, ऑर्थोपेडिक्स सर्जन, डा0 उत्कृट लाहौरिया, सहायक आचार्य, चर्मरोग विभाग, डा0 प्रियंका गुबरैले, विभागाध्यक्ष, दंतरोग विभाग, डा0 मनीष माथुर डेण्टल सर्जन, डा0 अभिजात कुलश्रेष्ठ, सह आचार्य, डा0 रविकान्त वर्मा, सहायक आचार्य, डा0 संध्या शाक्य, सहायक आचार्य समस्त सीनियर रेजीडेण्ट, जूनियर रेजीडेण्ट एवं एम0बी0बी0एस0 छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन

# छात्र-छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग कराई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वावधान में 8 अक्टूबर को पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, तालबेहट जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया साथ ही कक्षा 10 से 12 तक की छात्राओं की कॅरियर काउन्सिलिंग भी करायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती जी के चित्र पर सभी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय की सहायक अध्यापिका प्रांजली गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा कॅरियर काउन्सिलिंग में उपस्थित छात्राओं को स्नातक उत्तीर्ण होने के उपरान्त सरकारी नौकरियां जैसे पुलिस, अध्यापिका, पी0सी0एस0 इत्यादि की भर्तियों की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में काउन्सलर फिरोज इकबाल द्वारा छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य हेतु मोटीवेट किया गया। रोजगार मेले में कुल 05 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा 263 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया साक्षात्कार उपरान्त कुल 142 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्या अंजना वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यापिका व जिला सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शादी के दो माह बाद ही बहू को घर से किया बेदखल

# दहेज में एक लाख नकद व कार की मांग करने का आरोप, एसपी के आदेश पर दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत रहने वाली प्रभा पुत्री मुन्नालाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। बताया कि बीती 29 अप्रैल 2025 को उसकी शादी शहर क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा निवासी लखन पुत्र प्रकाश से हुयी थी। शादी में उसके परिजनों ने 2 लाख रुपये, मोटर साइकिल व संपूर्ण सामान दिया था। आरोप है कि शादी के दो माह के बाद ही ससुरालियों में पति लखन, ससुर प्रकाश, सास सियारानी, जेठ सोनू, जिठानी सेवन्ती व ननद वन्दना, नन्दोई बृजकिशोर निवासी ग्राम बारौन एकराय होकर आये और अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी व एक लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध करते हुये अपने परिजनों से कहने पर 12 जुलाई को उसके साथ मारपीट की गयी और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। महिला का आरोप है कि 19 जुलाई 2025 को अपराह्न करीब 2 बजे उक्त लोग चार पहिया वाहन से उसके घर आये और कहने लगे की कार व एक लाख रुपये का इंतजाम हो गया हो तो साथ चलो, अन्यथा यहीं रहो। महिला ने बताया कि ससुरालियों ने परिजनों से मारपीट कर कोरे कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिये। शोरगुल सुनकर पड़ौसियों ने घर पहुंच कर उन्हें बचाया। मामले की तहरीर उसने थाना सौजना पुलिस को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। एसपी के आदेश पर थाना सौजना पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 333, 115 (2), 351 (3), 352 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### संस्कार भारती का संगीत संध्या कार्यक्रम संपन्न हुआ

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**ललितपुर।** शरद पूर्णिमा, महर्षि बाल्मीकि जयंती एवं संत मीराबाई जयंती के उपलक्ष्य में संस्कार भारती के तत्वधान में संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत में उपस्थित सभी कलाकारों द्वारा महर्षि बाल्मीकि व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। पं.मनमोहन संज्ञा द्वारा राग दुर्गा पर आधारित मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उपरांत केशव सुल्लेरे द्वारा राग पीलू पर आधारित बुंदेली कजरी प्रस्तुत कर में खूब तालियां बटोरी। इसके उपरांत राजा अभिमन्यु तोमर संदेश परिहार एवं बृजमोहन संज्ञा, प्रभु दयाल संज्ञा, बृजेश तिवारी द्वारा विभिन्न राज




रागिनियों पर आधारित गीत और गजलें प्रस्तुत कर कार्यक्रम में देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। समापन पर परंपरागत तरीके से देर रात प्रसाद के रूप में उपस्थित सभी कलाकारों एवं श्रोताओं को खीर वितरित की गई। संचालन संस्कार भारती अध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा ने व आभार महामंत्री के.के.पाठक व संरक्षक पं.प्रभुदयाल संज्ञा द्वारा संयुक्त रूप से जताया। इस दौरान नवीन भाई पटेल एड., चंद्रप्रकाश, नामदेव समाज अध्यक्ष दीपक पटवारी, कन्हैया नामदेव, मयंक संज्ञा, गोलू संज्ञा, साधना गोस्वामी, आशा पस्तोर, मयंक संज्ञा, गोलू संज्ञा, विजय, कृष्णकांत सोनी, पवन संज्ञा आदि मौजूद रहे।

### श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

# उत्साह से मनाया गुरु रामदास का प्रकाश पर्व

**ललितपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वावधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रीगुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में श्रीसहज पाठ साहिब का समापन उपरांत लंगर का आयोजन स.नरेंद्र सिंह खालसा की ओर से हुआ। गुरबाणी कीर्तन कथा पर अपने विचार रखते हुए मुख्य ग्रंथि ज्ञानी दलजीत सिंह ने कहा कि गुरु रामदासजी महाराज का जन्म (24 सितंबर 1534 को हुआ वह सिख धर्म के चौथे गुरु थे, जिन्होंने 1574 में गुरु अमरदास द्वारा गुरुगद्दी संभाली और 1577 में अमृतसर नामक नगर की स्थापना की, जो आज एक पवित्र शहर है। उन्होंने



सिख विवाह की आनंद कारज प्रथा की रचना की और सिख धर्म के लिए गुरु का लंगर प्रथा को आगे बढ़ाया। उन्होंने 688 भजन रचे, जो आदि ग्रंथ में शामिल हैं, और अपने पुत्र गुरु अर्जुन देव को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करके गुरुगद्दी को वंशानुगत बनाया। अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि अपनी नानी की आर्थिक मदद करने के लिए नौ साल की उम्र में चने और गेंहू बेचने शुरू किए। 12 साल की उम्र में वे अपनी नानी के साथ गोइंदवाल चले गए, जहां उनकी मुलाकात तीसरे गुरु, गुरु अमरदास से हुई। उन्होंने गुरु अमरदास को अपना गुरु माना और उनकी सेवा करने लगे। गुरु अमरदास ने गुरु रामदास का विवाह अपनी पुत्री बीबी बानो से कराया। मंत्री मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु अमरदास ने 1 सितंबर, 1574 को उन्हें गुरुगद्दी सौंपी और उनका नाम गुरु रामदास रखा, जिसका अर्थ है भगवान का सेवक। 1577 में, गुरु रामदास ने अमृत सरोवर नामक एक तालाब के किनारे एक नए शहर की स्थापना की, जो बाद में अमृतसर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने सिख विवाह के लिए आनंद कारज नामक चार फेरों वाली विवाह पद्धति की रचना की, जिससे रूढ़िवादी परंपराओं से अलग एक सरल विवाह व्यवस्था बनी। उन्होंने सिख धर्म में गुरु का लंगर की व्यवस्था को आगे बढ़ाया, जहां समुदाय के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। सम्राट अकबर भी गुरु रामदास का सम्मान करते थे।

# बरौनी एक्सप्रेस में मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहे यात्री का मोबाइल फोन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बिहार राज्य के वैशाली जिला अंतर्गत चकव्यास में रहने वाले कुन्दन कुमार शाह पुत्र शिवदयाल शाह ने रानी कमलापति जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज करायी है। यह शिकायत रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से स्थानान्तरित होकर ललितपुर जीआरपी थाने पहुंची, जहां एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की गयी है। रानी कमलापति में प्रधान आरक्षक पद पर तैनात हनुमान यादव ने ललितपुर जीआरपी को अवगत कराया कि शिकायतकर्ता कुन्दन कुमार शाह के अनुसार 8 सितम्बर 2025 को वह ट्रेन संख्या 19484 बरौनी एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 में बर्थ संख्या 15 पर मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहा था। बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी, तब उसने देखा कि उसके द्वारा चार्जिंग पर लगाये गये अपने मोबाइल फोन जो कि वीवो कम्पनी के नीले रंग का था गायब था। उसने मोबाइल फोन को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं मिला। चोरी की सूचना उसने भोपाल कंट्रोल रूम को दी कि उसका मोबाइल फोन कोई अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया है। आरक्षक की सूचना व शिकायतकर्ता की तहरीर पर जीआरपी ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दुकान पर काम कर रहे युवक से मारपीट कर धमकाया

सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाले जितेन्द्र निरंजन पुत्र रामगोपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को अपराह्न 12.30 बजे वह अपनी इलाइट स्थित दुकान पर था। तभी पड़ौस के बलराम राजा (गोलू) पुत्र छत्रपाल सिंह, अमन राजा, मिलन एकराय होकर आये और उसके साथ बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से वाल्मीकि रामायण में निहित मानव, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों का महत्व समझाया

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि मंदिरों में हुआ अखंड रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 7 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जनपदों में महर्षि वाल्मीकि जयंती को भव्य रूप से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके क्रम में जनपद ललितपुर में जिलाधिकारी अमनदीप डुली के नेतृत्व एवं अधिशासी अधिकारी नपा दिनेश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में शहर के जेल चौराहा स्थित वाल्मीकि मंदिर एवं ग्राम बिरधा स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन कराया गया।



कार्यक्रम की श्रृंखला में जेल चौराहा स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में प्रातः 9 बजे से अखंड वाल्मीकि रामायण पाठ कर प्रकतोत्सव का शुभारंभ हुआ एवं मंदिर प्रांगण में प्रातः से ही हवन पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकार जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हरिशंकर शर्मा, वैष्णवी शर्मा, वैशाली शर्मा, प्रिंसी शर्मा, इमरत, जय सिंह, पंकज साहू, ब्रजकिशोर परिहार, नत्थू आदि द्वारा संगीतमय रामायण का पाठ किया गया तथा समस्त वाल्मीक समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में शाम के 5 बजे भंडारा, प्रसादी वितरण का संपन्न हुआ।

**महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर आशीर्वाद लिया**

वहीं ग्राम बिरधा में हनुमान गढ़ी मंदिर में विनीत भूषण पाठक, ब्रजेश तिवारी, धर्मेंद्र रजक, गया पांचाल कुलदीप चौधरी, दीपक चतुर्वेदी, केहर सिंह, बलराम कुशवाहा, सुग्रीव कुशवाहा, नितेश पांचाल, विशाल कुशवाहा, श्रेयस एवं मंदिर पुजारी अनुज उपाध्याय आदि द्वारा अखंड रामायण का पाठ किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों ने मंदिर में आकर माथा टेका और महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के अध्यक्ष कैलाश नारायण एडवोकेट, कोषाध्यक्ष गनेश बेनबाल, महामंत्री वीरेंद्र महरौलिया, सांस्कृतिक मंत्री सुरेश ठेकेदार, उपाध्यक्ष संजय कारोसिया, प्रचार मंत्री अशोक करोसिया, मीडिया प्रभारी संदीप धोलपुरिया, अखाड़ा अध्यक्ष कार्तिक करोसिया एवं मंदिर महंत जितेंद्र करोसिया व समाज के गणमान्य नागरिक, सकलपंच, माते मुखिया आदि लोग उपस्थित रहे।



भावांतर योजना के तहत सोयाबीन पंजीयन में प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल हुआ राजगढ़

# भावांतर योजनाः 5 ही दिनों में जिले के 21646 किसानों ने कराया पंजीयन

## 17 अक्टूबर तक होने हैं इस योजना के तहत किसानों के पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खरीफ सीजन में जिले में सबसे ज्यादा बोई जाने वाली सोयाबीन फसल का भावान्तर योजना के तहत 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किसानों के पंजीयन किए जाना है। इसे जिले के लिए उपलब्धि ही कहेंगे जो पंजीयन प्रारंभ होने के महज 5 दिनों में ही जिले की विभिन्न नौ तहसीलों के 21 हजार 646 किसान अपना पंजीयन करवा चुके हैं। महज पांच दिनों में इतने अधिक पंजीयन होने से राजगढ़ जिला प्रदेश के उन टॉप-5 जिलों की फेहरिश्त में शामिल हो चुका है, जहां अभी तक सर्वाधिक पंजीयन हुए हैं। अगर तहसीलवार बात करें भावान्तर योजना के तहत सर्वाधिक 6395 पंजीयन नरसिंहगढ़ तहसील एवं सबसे कम 951 पंजीयन राजगढ़ तहसील में अभी तक हुए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सीसीबी, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, राजस्व एवं मंडी के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जा रही है।

### किस तहसील में अभी तक कितने हुए पंजीयन

| तहसील | पंजीयन |
|---|---|
| नरसिंहगढ़ | 6395 |
| पचोर | 3153 |
| जीरापुर | 2565 |
| सारंगपुर | 2424 |
| सुठालिया | 1773 |
| ब्यावरा | 1576 |
| खिलचीपुर | 1699 |
| खुजनेर | 1140 |
| राजगढ़ | 951 |
| कुल | 21646 |



### टीएल बैठक में दिए गए हैं तल्ख निर्देश

शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा कृषक लें सकें इसके लिए विगत दिवस आहूत समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुभागों के एसडीएम को उक्त योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रसारित किए हैं ताकि किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिल सके। उक्त बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए थे कि सभी अनुभागों में क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट शीघ्र से शीघ्र तैयार कर ली जाए ताकि उसे शासन तक पहुंचाया जा सके।

### यहां हो रहे हैं भावांतर के तहत पंजीयन

किसान हितेषी भावान्तर योजना के पंजीयन सोसायटी स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों, ग्राहक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, एमपी किसान एप पर किए जा रहे हैं।

### इस तरह काम करेगी यह योजना

किसान अपनी उपज मंडी में जाकर बेच सकेंगे, उचित एवं गुणवत्ता (एफएक्यू) उपज हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी है। एमएसपी से कम लेकिन मंडी मॉडल रेट से अधिक भाव प्राप्त होने पर विक्रय मूल्य और एमएसपी के अंतर की राशि वहीं एमएसपी और मंडी मॉडल रेट दोनों से कम भाव प्राप्त होने पर मंडी मॉडल रेट और एमएसपी के अंतर की राशि मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। शासन का दावा है कि 15 दिवस में भावांतर की राशि का किसान के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे अंतरण कर दिया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की कार्रवाई

# मिलावट की आशंका में 71 हजार रुपए कीमती 572 किलो तेल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में दूध, तेल सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट किए जाने के अनेकों मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं। इसी के चलते खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग भी लगातार मिलावटखोरों पर कार्यवाही करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों को सैंपलिंग आदि कर रहे हैं।

इसी कड़ी में विभाग ने मंगलवार को नगर में अमित किराना जो की श्री बसंत इंटरप्राइजेज, इंदौर का होलसेलर है, के यहां से पूर्व में उपयोग की जा चुकी तेल की केनों में तेल भरा हुआ पाया। विभाग के जिलाधिकारी शिवराज पावक ने बताया की इन केनों के तेल में



मिलावट की आशंका के चलते 40 केनो में भरा 572 किलोग्राम तेल जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 71 हजार 500 रुपए है। चूंकि, उपयोग की हुई केनो में पुनः रिफाइंड आइल तेल पैक किया गया, ऐसे में यह खाद्य एवं सुरक्षा मानकों के नियम विरुद्ध है। फिलहाल सारा तेल जब्त करते हुए सैंपल जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। लेबोरेट्री से रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।


### दूध और घी के भी लिए गए सैंपल

उक्त कार्यवाही के साथ ही ब्यावरा में किराना सहित दुग्ध चिलिंग सेंटरों एवं दूध डेयरियों की भी जांच की गई। बायपास स्तिथ पशुपतिनाथ मिल्क चिलिंग सेंटर एवं लालोए दूध सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां से दूध के सैंपल जांच हेतु लिए गए। इसी तरह नम्रता अमृत डेयरी से देसी घी का नमूना जांच के लिया गया है।

## करंट लगने से बहू और ससुर की मौत, खरेटिया गांव में चारा काटने की मशीन में करंट फैलने से हुआ हादसा

**ब्यावरा**। खरेटिया गांव में खेत पर चारा काटते समय मशीन में करंट फैल जाने से एक बहू और उसके ससुर की मौत हो गई। बहू मशीन की चपेट में आई तो ससुर ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार, रामसिंह दांगी (50) अपने खेत में बहू राधा दांगी (30) के साथ गुट्टी मशीन से चारा काट रहे थे। इस दौरान मशीन में अचानक बिजली का करंट फैल गया। बहू मशीन के संपर्क में आई और करंट से झुलस गई। उसे बचाने के प्रयास में ससुर भी पास पहुंचे, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए।

परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत बिजली सप्लाई बंद की और दोनों को एक निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से



उन्हें गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ब्यावरा रेफर किया गया। ब्यावरा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को पोस्टमार्टम के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मृतक के पुत्र रांमबाबू दांगी ने पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिए और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि मशीन में बिजली का लीकेज या तारों में खराबी के कारण यह हादसा हुआ।


# पुलिस ने 8 घंटे में अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों किया गिरफ्तार

**शाजापुर**। कालापीपल पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये अंधेकत्ल का किया पर्दाफाश दिनांक 07.10.2025 को ग्राम भेसाया गढा में मृतक अनोखी लाल पिता भागीरथ अहिरवार उम्र 45 साल निवासी भेसाया गढा गला काटकर हत्या करने के मामले मे पुलिस थाना कालापीपल पर अपराध कमांक 469/25 धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। शाजापुर पुलिस यशपाल,सिंह राजपूत के निर्देशन में घनश्याम मालवीय जिला एंव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेश देशमुख शुजालपुर के मार्गदर्शन मे सनसनीखेज हत्या के इस मामले की पतारसी एवं आरोपियो की धरपकड हेतु टीम गठित की गई।

गठित टीमों द्वारा तत्काल इस मामले को गंभीरता से लेते हुये छानबीन एवं पतारसी की कार्यवाही की गयी तथा विवेचना के दौरान घटनास्थल पर पायें गये विभिन्न भौतिक साक्ष्य की समीक्षा कर अनुसंधान के दौरान 08 घण्टे के अन्दर ही हत्या का खुलासा करते हुये आरोपिया रेखा बाई पति अनोखी लाल अहिरवार उम्र 42 साल निवासी भेसाया गढा व आरोपी बंटी पिता कैलाश अहिरवार उम्र 26 साल निवासी ग्राम खोकरा कलां को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त हथियार चाकू जप्त किया गया है। आरोपीगणो ने बताया कि पिछले दो तीन वर्षों से




उनके बीच मे प्रेम प्रसंग था। दोनो ने मिलकर मृतक अनोखी लाल अहिरवार को अपने रास्ते से हटाने के लिए दिनांक 07.10.2025 की रात्रि मे सोए हुए अनोखी लाल पिता भागीरथ अहिरवार उम्र 45 साल निवासी भेसाया गढा का मुंह व गला दबाकर एवं चाकू से गला काटकर उसकी हत्या कर दी। आरोपीगणो को न्यायालय शुजालपुर पेश किया। उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी थाना कालापीपल निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भण्डारी, उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, उनि सुनीता मेवाडा, प्रआर राहुल सिंह प्रआर विवेक गोस्वामी, प्र०आर विशाल पटेल, प्रआर रामेश्वर जाटव, प्रआर राजेश पटेल प्रआर धर्मेंद्र गुर्जर, प्रआर शिवराज पटेल आरक्षक वेदप्रकाश आदि रहे मौजूद।



## विधायक मोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहगढ़**। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर किसानों को फसल मुआवजा व बीमा राशि दिलाने, वन विभाग द्वारा विकास कार्यों में लगाई जा रही आपत्तियों के निराकरण और सिटी पोर्सन सड़क की चौड़ाई कम करने जैसे मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि से किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं। वहीं, वन विभाग की अनावश्यक रोक से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से मंदिर श्री जमात से पांडव चौराहे तक सड़क की चैड़ाई 10 मीटर रखने की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

छिंदवाड़ा और बैतूल में हुई घटना के चार दिन बाद जगा ड्रग एवं स्वास्थ्य विभाग

# अमानक एवं प्रतिबंधित दवाओं की धड़पकड़, ड्रग इंस्पेक्टर ने किया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

निरीक्षण के नाम पर मात्र खानापूर्ति कर चले गए ड्रग इंस्पेक्टर, प्रतिबंध सिरप नहीं बेचे जाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

हाल ही में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल जिले में कफ सिरप सहित अन्य जहरीली दवाओं से दर्जन भर से अधिक बच्चों की मौत से केंद्र और राज्य सरकार चौकन्ना हुई, लेकिन प्रतिदिन मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन घटनाओं के बाद प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को ड्रग इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल ने सारंगपुर के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दवाइयों के साथ बिल, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी डेट एवं लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की कई दुकानों पर रिकॉर्ड अधूरे पाए गए, जिन पर ड्रग विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित



निगरानी के तहत की जा रही है ताकि नकली या एक्सपायर्ड दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। जिन दुकानों पर अनियमितता पाई जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए लेकिन मौत के बाद जगाने से अच्छा होता समय-समय पर जांच होती रहनी चाहिए थी ताकि मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ड्रग इंस्पेक्टर अग्रवाल ने प्रतिबंध दवाइयों को तत्काल मेडिकल से हटाने के निर्देश दिए तथा मेडिकल स्टोर संचालकों से कहा कि प्रतिबंधित सारी दवाइयां वापस की जाए नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कई मेडिकल दुकानों का निरीक्षण ही नहीं किया। निरीक्षण के नाम पर खाना पूर्ति कर चले गए।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर निकला भव्य पथ संचलन



**ब्यावरा-करेड़ी**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष व विजयादशमी उत्सव के अवसर पर मंगलवार को करेड़ी में संघ का पथ संचलन निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकले पथ संचलन का जगह-जगह स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह मनीष वैष्णव ने कहा कि संघ की विचारधारा तीन प्रमुख स्तंभों हिंदुत्व, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से जागृत राष्ट्र बनाने का लक्ष्य संघ की साधना का सार है। समाज में समरसता, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का भाव संघ कार्य का मूल है। वैष्णव ने संघ की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि 1925 से लेकर आज तक संघ ने हर परिस्थिति में निरंतर कार्य किया है और आज यह विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है, जिसके एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक देश-विदेश में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने समाज जीवन के हर क्षेत्र शिक्षा, ग्राम विकास, सेवा, पर्यावरण और संस्कृति में सकारात्मक दिशा दी है। आज समाज स्वयं कहता है "हमको भी काम बताइए", यही संघ की सौ वर्षीय साधना का परिणाम है।

त्रिशूल मित्र मंडल एवं नगरवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ आयोजन

# कन्या पूजन उपरांत हुए नगर भंडारे में हजारों ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय नाका नंबर-3 स्थित त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा लगातार 40 वर्षों से नवरात्रि में आदिशक्ति की स्थापना की जा रही है। अनवरत इतने वर्षों से माताजी की स्थापना करने वाले इस समिति एवं नगरवासियों के संयुक्त सहयोग से मंगलवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशाल नगर भंडारे का आयोजन करवाया गया। शाम करीब 4 बजे माता की प्रतिमा के सम्मुख कन्याओं के पाद-पूजन उपरान्त आरंभ हुए नगर भंडारे में देर रात्रि तक हजारों की संख्या में माता-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति की



अपेक्षा से भी कहीं अधिक भक्तों ने भंडारे में पधारकर माताजी की भोजन, प्रसादी गृहण की। इस नगर भंडारे की भव्यता एवं व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भंडारे के भोजन निर्माण हेतु करीब 100 हलवाईयों की व्यवस्था आयोजकों द्वारा करवाई गई थी। जगतजननी के इस पुनीत कार्य में नगर एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न तरह से अपना सहयोग प्रदान किया।

### अनेकों युवाओं ने दिया अपना सहयोग

हजारों भक्तों को भंडारे की भोजन, प्रसादी ग्रहण करवाने में न केवल त्रिशूल मित्र मंडल बल्कि नगर की विभिन्न झांकी पांडालों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के युवाओं ने परोसगारी करवाते हुए अपना सहयोग प्रदान किया। समिति पदाधिकारी द्वारा भी पिछले कई दिनों से माताजी के इस पुनीत कार्य हेतु दिन-रात एककर अपनी सेवाएं दी जा रही थीं।

### आज होगा प्रतिमा का विसर्जन

उक्त भंडारे के चलते त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा अभी तक माताजी की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करवाया गया था। ऐसे में भंडारा सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आज समिति सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे एवं ढोल-ढमाकों के साथ माताजी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।

# छात्रों ने कराते प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कालापीपल**। शा. उमावि विद्यालय तिलावद मैना के छात्रों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षैत्र का नाम रोशन किया,ग्वालियर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में रवि वर्मा पिता सुरेश वर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया वहीं मेघा पिता बादामी लाल चौधरी ,लक्ष्मी पिता राकेश वर्मा ने रजत पदक ,नम्रता कलमोदिया पिता जितेंद्र कलमादिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया। प्राचार्य राधेश्याम वर्मा ने छात्रों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह आपकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का परिणाम है जो आपने अपने लक्ष्य को हासिल कर यह गौरव प्राप्त किया, आप ऐसे ही आगे बढ़ते रहे, विद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं उनके पालकों का



स्वागत सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर खेल शिक्षक राहुल भैंसानिया, माधुरी मेम करण सिंह सोलंकी, बाबूलाल परमार, कमल कुमार वर्मा,हेमंत शर्मा अर्जुन सर, रोशन सिंह राजवंशी, सुनील परमार ,सुरेश सोनानिया ,देवराज वर्मा और समस्त शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।।

ट्रस्ट परिवार ने किया कन्या पूजन

# मां मंशा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट में हुआ कन्या भोज का आयोजन




**ब्यावरा**। शारदीय नवरात्रि पर ब्यावरा के मां मंशा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट परिसर में पूरे नौ दिनों तक भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस दौरान मंदिर में रोजाना माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना, भजन और विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंगलवार को मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु परिवार सहित मां वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। मां की आरती और पूजा के बाद कन्या पूजन की परंपरा निभाई गई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल खस ने कन्याओं के चरण धोकर उनका पूजन किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन, पूड़ी-सब्जी, हलुआ और उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के गांवों से भी कन्याएं और श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अखिलेश जोशी, रामजी राजपाल, विनोद शिवहरे, लोकेश चौहान, फणीराज मूंदड़ा, दिनेश अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अनिल सोनी, दिनेश साहू, कैलाश कुशवाह, दिनेश जाट, पवन अग्रवाल, जगदीश कुशवाह, आरडी सेन, नरेंद्र चौहान,नवीन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र जोशी, जितेन्द्र पालीवाल, राजू यादव, अक्षित शिवहरे, लक्ष्मीनारायण प्रजापति, प्रभूसिंह मौजूद रहे।

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के लाभाविन्त गरीब भोजन के लिए भटकते

# ये कैसी योजना : छुट्टी के दिन गरीब को भोजन नहीं

## छुट्टी का बहाना, केंद्र बंद, जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए शुरू की गई दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना कागजों में तो नियमित दिखाई देती है, लेकिन हकीकत में रसोई केंद्र आए दिन छुट्टी के नाम पर बंद रहता है। जिससे भोजन की आस लेकर आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया की रसोई केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए और योजना के नियम भी यही है जिम्मेदारों पर नियम लागू किए जाए ताकि योजना का असल लाभ गरीबों तक पहुंच सके।

### रसोई केंद्र खुलने का समय

दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र के खुलने का समय प्रत्येक केंद्र के लिए अलग-अलग हो सकता है, जो संचालन करने वाले निकाय पर निर्भर करता है। यह समय आमतौर पर शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों, काम की तलाश करने वालों और आश्रयहीन लोगों को ध्यान में रखकर तय किया जाता है।

### क्या है नियम

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का लाभ रोज मिले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर संचालित योजना किसी महापुरुष की जयंती पर बंद नहीं रहती है, क्योंकि यह एक सार्वजनिक सेवा है जो जरूरतमंदों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराती है. रसोई के संचालन से जुड़ा कोई कर्मचारी किसी महापुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में किसी कार्यक्रम में भाग लेता है, तो संचालन कुछ समय के लिए प्रभावित हो सकता है, लेकिन योजना को बंद नहीं किया जाता. इस योजना में छुट्टी का कोई प्रावधान नहींरू इस तरह की किसी भी सार्वजनिक सेवा को केवल महापुरुष की जयंती के कारण बंद नहीं किया जाता है।
छुट्टी के दिन बंद रहता है दीनदयाल रसोई योजना बाकी दिन खुल्ला रहता हैं बाकी जो आपको लिखना लिख लो।

**गिरीश गोखले,** योजना प्रभारी सारंगपुर